सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: 2025-26

कक्षा:-7	विषय: हिंदी कहानी संचय	पाठ:9 एक दोस्त साँप

प्रश्न 1. जंगल के पक्षी कहाँ रहते थे ?

उत्तर - जंगल में एक बहुत बड़ा और घना पेड़ था। उस पेड़ की शाखाएँ दूर-दूर तक फैली हुई थीं। उन शाखाओं पर ही जंगल के पक्षी घोंसला बनाकर रहते थे। पर ही जंगल के

प्रश्न 2. उल्लू कहाँ रहता था तथा सब उसका आदर क्यों करते थे?

उत्तर- उल्लू उस घने पेड़ की कोटर में रहता था । वह जितना बूढ़ा था उतना ही ज्ञानी और चतुर था इसलिए सभी पक्षी उसका आदर करते थे।

प्रश्न 3.पेड़ पर रहने वाले पक्षी साँप से क्यों डर रहे थे?

उत्तर - पेड़ पर रहने वाले पक्षियों को भय था कि साँप उनके अंडों को खा जाएगा इसलिए सभी पक्षी उससे डर रहे थे।

प्रश्न 4. उल्लू ने साँप से बचने का क्या उपाय बताया?

उत्तर-उल्लु ने साँप से बचने का यह यह उपाय बताया कि पेड़ को कभी भी अकेला मत छोड़ना । कोई-न-कोई उसकी रखवाली हमेशा करता रहेगा।

प्रश्न 5. साँप ने पक्षियों की मदद कैसे की?

उत्तर- साँप ने पक्षियों की मदद करने के लिए पेड़ काटने आए आदमियों को अपने फन और फुफकार से डरा कर भगा दिया।